तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 तिलक लगाकर किया गया बच्चों का स्वागत...




10 पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली...



## खबर संक्षेप

### अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट पर 30 जुलाई तक दे सकते हैं सुझाव

**बेमेतरा।** केंद्र सरकार द्वारा 15 अगस्त 2021 को किये गये आह्वान पर वर्ष 2047 में भारत की आजादी के 100 साल (अमृतकाल) पूर्ण होने तक विकसित राष्ट्र बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को मूर्तरूप देने राज्य के वित्त एवं योजना मंत्री ओपी चौधरी द्वारा 9 फरवरी 2024 को विधानसभा में 2024-25 के बजट सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ को भी 2047 तक विकसित राज्य बनाने हेतु रूपरेखा एक विजन डॉक्यूमेंट के रूप में तैयार कर, 1 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर ''अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन / 2047'' विजन डाक्यूमेंट जनता को समर्पित किया जायेगा। अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन /2047 डाक्यूमेंट को सर्वसमावेशी बनाये जाने के उद्देश्य से सर्व जनसामन्य से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए नीति आयोग द्वारा नागरिक पोर्टल पर जाकर या क्यूआर कोड स्कैन कर मोर सपना मोर विकसित छत्तीसगढ़' के लिए 30 जुलाई 2024 तक सुझाव दे सकते हैं।

### विश्व जनसंख्या दिवस व जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आज से

**बेमेतरा।** जिले में स्वास्थ्य विभाग के तहत राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व की भांति इस वर्ष भी 'विकसित भारत की नयी पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान की थीम पर विश्व जनसंख्या दिवस एवं जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में आज 27 जून से 10 जुलाई 2024 तक लक्ष्य दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा एवं 11 जुलाई से 24 जुलाई 2024 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। दम्पत्ति संपर्क पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई 2024 तक इस चरण में जागरूकता के लिए सास बहू सम्मेलन, सही समय से विवाह, स्वास्थ्य जन्म अंतराल, प्रसव उपरांत परिवार नियोजन, परिवार नियोजन में पुरुष सहभागिता एवं एबोर्शन उपरांत परिवार नियोजन को सम्मिलित किये जाने हेतु संदेश दिया जावेगा। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 11 जुलाई से 24 जुलाई 2024 तक मनाया जावेगा। इस पखवाड़े में परिवार नियोजन संबंधी साधन अपनाने जैसे महिला नसबंदी, पुरूष नसबंदी, कॉपर-टी, गर्भ निरोधक गोली, अंतरा इंजेक्शन, निरोध इत्यादि जन सामान्य को प्रेरित किया जाएगा।

### नाबालिग का अपहरण

**भिलाई।** नाबालिग का अपहरण कर उसे बहला फुसलाकर ले जाने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर पुलिस ने धारा 363, 279, 337 के तहत कार्रवाई की है।

# श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना हुए जिले के 60 श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन भ्रमण के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है। सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को सुबह कलेक्टोरेट परिसर से 60 तीर्थयात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या धाम रवाना हुआ। कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिले से भी 60 श्रद्धालुओं का चयन किया गया, जो आज चयनित तीर्थयात्रियों को बेमेतरा से दुर्ग बस से रवाना किया गया। दुर्ग रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा। यात्रा के बाद तीर्थयात्रियों की 29 जून 2024 को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर वापसी होगी।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रामभक्तों को सुबह 8 बजे हरी झण्डी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। कलेक्टर ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है।

## कलेक्टर ने किया हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




### श्रद्धालुओं के लिए रहेगी पूरी व्यवस्था

बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम अनिल वाजपेयी, एसडीएम घनश्याम तंवर, सीएमओ भूपेंद्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक दीपेश, नए शाला भवन का किया लोकार्पण

# स्कूल खुले, विद्यार्थियों का हुआ भव्य स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए बुधवार को प्राथमिक शाला स्कुल मटका, बीजाभाट, भिंभौरी में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। वहीं, कलेक्टर रणवीर शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक बारह मासी नृत्य कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू के अलावा अन्य अतिथियों ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक, फुलमाला पहनाकर ,गणवेश वितरण व मिठाई, चॉकलेट खिलाकर स्वागत किया।

■ बीजाभाट प्राथमिक शाला में स्मार्ट क्लास का किया शुभारंभ

इस अवसर में विधायक दीपेश साहू ने 24.20 लाख की लागत से बने शासकीय प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि नए स्कूल भवन बनने से अब छात्र छात्राओं को पढ़ाई लिखाई में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी। बच्चे अच्छे ढंग से नए स्कूल भवन में बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी खरे, बीआरसी साहू, मण्डल अध्यक्ष छोटे लाल साहू, खूबी लाल साहू, छोटू राम साहू, जीतेन्द्र यदु, अनिल यदु, हीरालाल यदु, शत्रुहन लाल यदु रोहित कुमार साहू, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र छात्राएं शिक्षक व पालक उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री साय के संदेश का किया वाचन

विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सर्वप्रथम सभी नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक दीपेश साहू मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सन्देश का वाचन करते हुए सभी की कुशलता की कामना की। उन्होंने कहा कि 26 जून 2024 यानी आज बुधवार के दिन से नए सत्र 2024 की शुरुआत हो गया है। श्री साहू ने कहा कि आप सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ में शिक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व क्रांतिकारी परिवर्तन लाना है, ताकि हमारे राज्य के बच्चे वैश्विक परिवेश में पहचान स्थापित कर सके। इस कार्य में आप सभी की भूमिका अपेक्षित है।
अंत में श्री साहू ने कहा कि विद्यालय में शत-प्रतिशत बच्चों को प्रवेश दिलाएं।

# दाढ़ी बन रहा है शराब की अवैध बिक्री का अड्डा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी

शासन की ओर से सुबह 10 बजे से शराब दुकान खोल कर शराब बिक्री की जानी है, लेकिन नगर के कई इलाके में 24 घंटे चोरी छुपे शराब बिकते हुए देखा जा सकता है।

■ पान की दुकानों में भी आसानी से मिल रही है शराब

हालत यह है कि नगर पंचायत दाढ़ी में अल सुबह से देर रात तक खुलेआम अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। पान ठेला की आड़ में अवैध शराब का कारोबार चला कर अवैध मोटी रकम वसूल की जा रही है। गंभीर बात यह है कि स्थानीय पुलिस थाना से महज 100 मीटर दूरी गौठान चौक में सुबह 4:05 बजे से अवैध शराब बिक्री की जाती है। परंतु विभागीय अमला व दाढ़ी पुलिस सब कुछ देखकर मुख दर्शक बने हुए हैं। पान दुकानों में सुबह से ही शराबियों का जमावाड़ा आसानी से नजर आ जाता है। सुबह-शाम टहलने वाले व्यक्तियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है, लेकिन स्थानीय पुलिस के नजर अंदाज रवैया के चलते यहां सुबह से ही शराब बिक रही है। इतना ही नहीं पुलिस गस्त के समय यह सब देखकर भी अनदेखा करती है, जो कि नगर में एक जन चर्चा का विषय बना हुआ है। बहरहाल नगर की आम जनता का मानना है कि विभागीय अधिकारियों एवं उच्च प्रशासनिक अधिकारी नगर में चल रहे अवैध शराब की बिक्री पर अकुंश लगाने की ओर उचित कारवाई करने पर ध्यान देंगे।


# तहसील में सुनवाई के दौरान विपक्षी अधिवक्ता पर धमकी देने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

तहसील कार्यालय साजा में विपक्षी अधिवक्ता पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए पक्षकार ने थाना प्रभारी साजा को शिकायत कर तहसील में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

■ प्रार्थी ने साजा थाने में दर्ज कराई शिकायत

शिकायतकर्ता अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि मैंने अपनी पत्नी के मायका ग्राम भेंडरवानी में स्थित पैतृक जमीन के हिस्सा बंटवारा के मामले में तहसील कार्यालय साजा में परिवाद पत्र पेश किया था। इसके लिए तहसीलदार द्वारा 19 मई को पेशी की तारीख दी गई थी। निर्धारित तिथि पर वह परिवार के साथ तहसील कार्यालय पहुंचा। उसके दस्तावेज प्रस्तुत करने के दौरान न्यायालय में उपस्थित विपक्षी अधिवक्ता ने साजा तहसीलदार के समक्ष उसका हाथ-पैर तुड़वा देने की धमकी दी। शिकायतकर्ता ने अधिवक्ता पर कभी भी बेमेतरा से तहसील कार्यालय साजा आने-जाने के दौरान कोई अप्रिय घटना करवा दिए जाने की आशंका जताई है।



### युवती ने घर पर लगाई फांसी

**भिलाई।** युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि केम्प-1 निवासी आरती रॉय 19 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगा ली। आरती शाम को अपने घर पर अकेली थी। घटना के दिन रोज की तरह उसका भाई इंजीनियरिंग पार्क में काम पर निकला गया था। शाम 7 बजे आरती की सहेली उसे बुलाने घर पहुची तो दरवाजा बंद था। काफी देर तक दरवाजे को सहेली खटखटाती रही लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। जब आरती की सहेली ने खिड़की से झांककर देखा तो उसकी लाश पंखे में लटकी मिली। सहेली ने आसपास के लोगों को शोर मचाकर बुलाया। लोगों के पहुचने के बाद दरवाजा को तोड़कर आरती को फांसी के फंदे को उतारकर सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल ले जाया गया।

### मुख्यमंत्री निवास में आयोजित लोकतंत्र प्रहरी सम्मान समारोह में किया सम्मानित

# मुख्यमंत्री साय ने नगर के मीसा बंदी अधिवक्ता निर्वाणी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी ने देश भर में लोकतंत्र के काला दिवस के रूप में आयोजन कर ,काँग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के दौरान जेलों में निरुद्ध किये गए लोकतंत्र प्रहरियों का सम्मान किया।

रायपुर के मुख्यमंत्री निवास में आयोजित लोकतंत्र प्रहरी सम्मान समारोह में बेमेतरा के वरिष्ठ अधिवक्ता हृदय नारायण निर्वाणी का शाल श्रीफल देकर सम्मान करते हुए उनका पैर छू कर आशीर्वाद भी लिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मीसा बंदी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी हैं। अपनी यौवन अवस्था के समय देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी पढ़ाई, अपना रोजगार, घर, परिवार सब छोड़ कर तानाशाही के विरोध करते हुए जेल चले गए। वे चाहते तो उस तानाशाही सरकार से क्षमा याचना कर तुरंत कारागृह से मुक्त हो सकते थे, पर तानाशाही के समक्ष झुकना मंजूर न कर देश में लोकतंत्र की स्थापना के लिए लड़ते रहे। सभा को उपमुख्यमंत्री अरुण साव,विजय शर्मा,लोकतंत्र प्रहरी सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चीदानंद उपासने,संघ के प्रांत संघचालक तोप लाल वर्मा,वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, खाद्यमंत्री दयाल दास बघेल,पुन्नू लाल मोहले,राम विचार नेताम,केदार कश्यप सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने संबोधित किया,प्रदेश भर के 300 से अधिक लोकतंत्र प्रहरियों के परिवार के साथ मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भोजन किया।



आभार प्रदर्शन संघ के वरिष्ठ स्वयंसेवक मोहन राव पवार ने किया। हृदय नारायण निर्वाणी अधिवक्ता जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के ससुर हैं। बेमेतरा नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते रहे हैं।

## कॉलेज प्रबंधन की उदासीनता से हो रही विद्यार्थियों को परेशानी

# साजा उद्यानिकी कॉलेज में अव्यवस्थता व अस्वच्छता का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित ज़िले के इकलौते उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र साजा में इन दिनों अव्यवस्थता एवं अस्वच्छता का गम्भीर मामला सामने आ रहा है। इन दिनों कॉलेज प्रबन्धन की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ताज़ा जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में पिछले दिनों जबरदस्त आंधी-तूफान के कारण ग्राम मौहाभाठा में अस्थायी तौर पर संचालित हार्टीकल्चर कॉलेज में लगा टिन का शेड उड़कर गिर नीचे गया था, जिसे आज पखवाड़े भर का वक्त गुजर जाने के बाद भी महाविद्यालय प्रबन्धन द्वारा पुनः मरम्मत लगाने की जहमत नहीं की गई है। जिससे कॉलेज में छात्रों को असुविधाओं के बीच पढ़ाई करना पड़ रहा है। इसके अलावा इस कॉलेज परिसर के समीप एक लावारिश कुत्ता काफी दिनों से मरा हुआ पड़ा है, जिसकी असहनीय बदबू से छात्र-छात्राओं एवं स्टॉफ का बुरा हाल है। चूँकि कुत्ते की लावारिश लाश सड़ने की स्थिति में है, तो उसमें कीड़े हो गए हैं और लगातार बदबू से बीमारी फैलने की भी आशंका है। इसी के बीच रोजाना कॉलेज में क्लास ली जा रही है, जो चिंताजनक है। चूंकि यह महाविद्यालय देवकर-खम्हरिया मुख्य मार्ग पर स्थित है लिहाजा हज़ारो की तादाद में आमलोगों का आवागमन बना रहता है किंतु कॉलेज प्रबंधन द्वारा अव्यवस्था व अस्वच्छता के नजारे से आमजन भी काफी परेशान है। इस सम्बंध में आम लोगो का कहना है कि कॉलेज द्वारा ऐसी स्थिति से असुविधाओं व अव्यवस्थाओं के बीच स्टूडेंट्स को पढ़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है इस पर जिम्मेदार को ध्यान देना चाहिए।

■ कई दिनों से कैंपस में ही मरा पड़ा है लावारिश कुत्ता





दरअसल कॉलेज इन दिनों मौहाभाठा में अस्थाई रूप से पुराने कृषि कॉलेज में हो रही है।जिसमे फिलहाल बीएससी (ग्रेजुएट) की सभी विषयों एवं एमएससी (पीजी) की फ्रूट एवं वेजिटेबल वानिकी विषय की पढ़ाई हो रही है। वही तकरीबन 200 के आसपास छात्रों की नियमित कक्षा प्रोफेसर द्वारा निरन्तर ली जा रही है।वही इस कॉलेज के लिए नए भवन का निर्माण तेंदुभाठा गाँव के समीप बीज निगम कार्यालय के पास किया जा रहा है जहाँ पर अगले शैक्षणिक सत्र से नए कॉलेज बिल्डिंग में पढ़ाई शुरू होने की उम्मीद है। इस सम्बंध में कॉलेज के डीन, साजा एसडीएम एवं बिल्डिंग ठेकेदार से दुरभाष के माध्यम से सम्पर्क की कोशिश की गई किन्तु उनसे संपर्क नही हो पाया।

### नए भवन निर्माण में मनमानी

चूँकि कॉलेज की नई बिल्डिंग के निर्माण पर इन दिनों जोरों पर है तो वहां भी लगातार निर्माण ठेकेदार द्वारा मनमानी एवं लापरवाही करते हुए दिखाई दे रहे हैं बिना सुरक्षा उपकरणों व उपक्रमों ▶▶| शेष पेज 11 पर

### एसडीएम से कराई जाएगी जांच

यह जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है। ऐसा है तो उक्त कॉलेज में साजा एसडीएम द्वारा निरीक्षण के बाद कार्रवाई करते हुए उचित व्यवस्था कराई जाएगी।

- **रणबीर शर्मा,** कलेक्टर, बेमेतरा

### निषाद समाज की बैठक 30 को

**अंडा।** भरदा चंगोरी परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ द्वारा आगामी 30 जून को साप्ताहिक सामाजिक जन जागरूकता बैठक निषाद भवन ग्राम पिसेगांव में रखी गई है। बैठक में डॉक्टर घनश्याम निषाद जिला अध्यक्ष निषाद समाज, कोमल निषाद राष्ट्रीय युवा महामंत्री मछुआरा समाज समन्वय समिति बीजापुर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष हिन्छा राम निषाद, जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष वरुण निषाद सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीति, शैक्षणिक गतिविधियों तथा सामाजिक जनगणना के संबंध में चर्चा की जाएगी।


पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय संत समिति की बैठक



**रायपुर।** श्रीराम-जानकी मंदिर सेंतगंगा मुंगेली में अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़ की प्रदेश 'कोर कमेटी' की बैठक हुई। जहां उपस्थित लोगों ने बताया कि छग प्रदेश के मठ-मंदिर के विभिन्न समस्याओं और 2 जुलाई को व्यापक स्तर पर संतों की बैठक रायपुर में होगी, इसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगें, इसी विषय पर चर्चा की हुई। इस चर्चा में सभी अन्य क्षेत्रों से महंत, संतों व पदाधिकारियों का विशेष आगमन हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से अखिल भारतीय संत समिति के महंत नरेंद्र दास, स्वामी सर्वेश्वर दास, आचार्य राकेश महाराज, महंत स्वामी राधेश्याम महाराज, डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद महाराज, महंत सीताराम दास, महंत त्रिवेणी दास, महंत श्यामसुंदर दास आदि उपस्थित रहे।

### युवतियों ने नई तकनीक से सीखा मेहंदी आर्ट



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा लक्ष्मीनगर प्रिंस कॉलोनी स्थित कार्यालय में 10 दिवसीय मेहंदी कक्षा का समापन मंगलवार को किया गया, जिसमें 21 युवतियों ने हिस्सा लिया। युवतियों ने बताया कि इस दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। नई तकनीक और स्टाइल से मेहंदी लगाने की विधि सिखाई गई। युवतियों में काफी उत्साह का माहौल था। मेहंदी कक्षा में प्रशिक्षिका प्रज्ञा देवांगन द्वारा शुरुआत में मेहंदी के बेसिक गुण सिखाए गए, फिर प्रोफेशनल मेहंदी लगाना सिखाया गया। साथ ही ब्राइडल मेहंदी लगाने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर साहू, विजय निषाद, सनिल जांगड़े, भुनेश्वरी साहू, निर्मला साहू, हरिश्वर दास, हेमा मानिकपुरी, प्रियंका पटेल मौजूद थे।

### बच्चों ने दी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति



**रायपुर।** लावण्या फाउंडेशन द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित कला को समर्पित कार्यक्रम कला की कार्यशाला का समापन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा भरपूर प्रशंसा प्राप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की कला को मंच प्रदान करना है। लावण्या फाउंडेशन द्वारा संचालित रॉयल इवेंट्स एंड म्यूजिक अकादमी में जो बच्चे नृत्य, वाद्य एवं संगीत आदि कलाओं का शिक्षण प्रशिक्षण ले रहे हैं, उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष यह मंच प्रदान किया जाता है। इस आयोजन से विशेषकर बस्ती में रहने वाले वह बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी सीआईडी मिलना कुर्रे, आशीष मिश्रा, डॉ. नवीन गुप्ता एवं मुकेश शाह सहित आरके तिवारी, सरिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्लेटफार्म टिकट में जीएसटी का जिक्र नहीं, टैक्स समाप्त करने से यहां के यात्रियों को नहीं मिलेगा लाभ

## जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में प्लेटफार्म टिकट से जीएसटी समाप्त करने का लिया गया है निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुड्स एंड सर्विस टैक्स, जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक बीते शनिवार को नई दिल्ली में हुई, जिसमें रेलवे प्लेटफार्म टिकट से जीएसटी समाप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, लेकिन फैसले से राजधानी के यात्रियों का एक भी पैसा नहीं बचेगा, क्योंकि प्लेटफार्म टिकट में पहले से ही जीएसटी नहीं है।

ट्रेन में एसी क्लास टिकट पर जीएसटी लगता है। हरिभूमि से बातचीत में भी रेलवे के उच्च अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि प्लेटफार्म जीएसटी नहीं होता है। जीएसटी काउंसिल के निर्णय के बाद मंडल व जोन के अधिकारियों को भी अब वित्त विभाग के लिखित आदेश का इंतजार है। इधर यात्री असमंजस में हैं कि जब टिकट में जीएसटी का जिक्र नहीं है, तो फिर जीएसटी समाप्त करने का क्या लाभ होगा। टिकटों पर लगने वाले जीएसटी की पड़ताल की, तो पता चला रेलवे के खानपान और एसी क्लास टिकटों पर जीएसटी है।

ऑनलाइन टिकटों पर अलग से स्पष्ट रूप से लिखा है कि जीएसटी लगता है, लेकिन स्टेशन विंडो से लिए गए टिकट पर कुल राशि ही लिखी होती है। स्टेशन में अनरिजर्व टिकटिंग सिस्टम, यूटीएस से प्लेटफार्म टिकट लिया गया। इस पर मूल्य 10 रुपये अंकित है। इसमें जीएसटी का अलग से कोई उल्लेख ही नहीं है। इसके बाद यूटीएस से ही मिलने वाले रायपुर से कुम्हारी तक के सामान्य टिकट और रायपुर से ही नागपुर स्लीपर क्लास टिकट पर भी जीएसटी नहीं लिखा हुआ।

### आदेश के बाद समझ आएगा जीएसटी का गणित

स्टेशन से प्लेटफार्म टिकट लेने पर उसमें जीएसटी नहीं लिखा होता। ऐसे में जीएसटी समाप्त करने के निर्णय से यात्रियों को किस तरह से लाभ मिलेगा यह वित्त विभाग के आदेश के बाद ही समझ आएगा। रेल अफसर का कहना है कि वित्त विभाग से अभी कोई लिखित आदेश नहीं मिला है। प्लेटफार्म दर की नई सूची भी नहीं आई है। यात्रियों को भी जीएसटी समाप्त करने का निर्णय समझ नहीं आ रहा है कि उनका कितना पैसा बचेगा।




### टिकट में लिखा नहीं होता

प्लेटफार्म टिकट में जीएसटी नहीं लिखा हुआ होता है। फैसले से यात्रियों को जीएसटी में कितनी छूट मिलेगी यह लिखित आदेश मिलने के बाद ही बता सकता हूं। अभी नई दर की सूची नहीं आई है। - **विकास कश्यप,** सीपीआरओ, दपूमरे

### स्लीपर टिकट पर भी जीएसटी नहीं

रायपुर से नागपुर जाने वाली ट्रेन संख्या 12409 के स्लीपर क्लास में जब टिकट चेक किया गया, तो 240 रुपये किराया है। इसमें 20 रुपये रिजर्वेशन चार्ज, 30 रुपये सुपर फास्ट चार्ज और 190 बेसिक किराया है। इस टिकट पर कहीं भी जीएसटी नहीं लिया जा रहा। इसी तरह इसी ट्रेन के थर्ड एसी क्लास में किराया चेक किया गया, तो इस टिकट का किराया 610 रुपये है, लेकिन इसमें 29 रुपये जीएसटी चार्ज है, जबकि 40 रुपये रिजर्वेशन चार्ज और 45 रुपये सुपर फास्ट चार्ज है। सेकेंड एसी में 40 रुपये तो फर्स्ट एसी में 67 रुपये जीएसटी है।

## अव्यवस्था : रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजना का दो साल से ऐसा हाल

# पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकार की योजना का लाभ फंड खर्च करने के दो साल बाद भी युवाओं को नहीं मिल रहा है। बनवाने के बाद इस तरह की स्थिति रायपुर ही नहीं, बल्कि इससे सटे बिरगांव निगम सीमा में भी देखने को मिल रही है। दोनों ही निगम के जिम्मेदारों ने नाई, मेकैनिक, सब्जी, फल, मनिहारी जैसे व्यवसाय से रोजी-रोती कमाने के लिए यहां-वहां घूमने वालों को व्यवसाय के लिए चबूतरा देने 10 स्थानों पर पौनी पसारी बनवाने पर 2.50 करोड़ खर्च किया। इसके बाद से 144 जबूतरों को जिम्मेदार भूल गए हैं। नतीजा, किसी पौनी पसारी में कब्जा, तो कहीं नशेड़ी जमने लगे हैं।

रायपुर नगर निगम ने दो साल पहले 10 में से 7 जोन सीमा में नाई, धोबी, मेकैनिक, सब्जी, फल के साथ ही कुकर सुधार जैसे छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले युवाओं को एक ही जगह बाजार देने की मुहिम पूर्व सरकार के आदेश पर शुरू की थी। इसे शहरी क्षेत्र के हर जोन से जुड़े वार्डों की सुविधा के लिहाज से 25-25 लाख की लागत से बनवाया गया है।

हरिभूमि सरोकार

### आवंटन की प्रक्रिया जल्द करेंगे

अगर जोन क्षेत्र में पौनी पसारी के तहत चबूतरे बनने के बाद भी वहां युवाओं का व्यवसाय शुरू नहीं करवा पाए हैं, तो जानकारी लेने के बाद आवंटन की प्रक्रिया जल्द करेंगे।

- **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### बाजार शुरू करने की प्रक्रिया की गई है

रावांभाठा में लोगों की सुविधा के लिए बाजार शुरू करने की प्रक्रिया की गई है। सरोरा में कुछ जरूरी काम करवाने के बाद शुरू किया जाएगा, उरकुरा में अभी समय लगेगा।

- **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, ननि बिरगांव



### सिर्फ तीन जगह ही बना पाए

वहीं बिरगांव निगम क्षेत्र में पौनी पसारी की स्थिति ज्यादा खराब है। सुविधाओं के लिए तरसने वाले उरकुरा, सरोरा व रावांभाठा में भी प्रति स्थान पर 12-12 लोगों के लिहाज से 36 शेडयुक्त चबूतरा बनवाया गया है। यहां चबूतरे अभी तक खाली पड़े हैं। वार्ड के लोगों ने बताया कि दुकान बनने के बाद से यहां नाई, धोबी, बढ़ई, राजमिस्त्री तो दूर, सब्जी विक्रेता भी बैठने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे रात के अंधेरे में ही नहीं दिन में भी सूनसान इलाके में चबूतरा होने से नशेड़ी जमने लगे हैं। लोगों को चबूतरा अलॉट करने के लिए तीन बार प्रयास करने के बाद भी निगम के जिम्मेदार सुविधा नहीं दे पाए हैं।

### 7 जोन बनवाया शेडयुक्त चबूतरा

रायपुर निगम ने 10 में से अलग-अलग 7 जोन सीमा में 12-12 लोगों के लिए शेडयुक्त चबूतरा बनवाया गया। हर जोन आयुक्त ने मुख्यालय को इसकी जानकारी भी भेज दी है। इसके बाद भी स्थिति यह है कि पौनी-पसारी के लिए बनवाए गए चबूतरों पर आसपास के सब्जी बेचने वालों ने कब्जा कर लिया है। वहीं बाहरी क्षेत्र के चबूतरों पर नशा करने वालों ने पैठ बना ली है। इसकी जानकारी देने के बाद भी निगम के जिम्मेदार अभी बाजार शुरू नहीं करवा पाए हैं।

### पसरा वाले भी तैयार नहीं

सड़क तक पसरा सजाने वाले लोग भी पौनी पसारी के चबूतरों पर बैठने के लिए तैयार नहीं है। वजह जांचने पर पता चला कि जहां एसी, कुलर व पंखे की सुविधा के बाद भी लोग नाई, धोबी तो दूर मैकेनिक के पास भी जाने की बजाय फोन करके घर बुलाने लगे हैं। ऐसे दौर में चबूतरे पर व्यवसाय करने के लिए युवा तैयार नहीं हैं। इससे हर जोन में 25.25 लाख में बनवाए गए चबूतरे बनने के बाद से विरान पड़े हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि चबूतरे ओपन स्पेस में होने से यहां रोजी-रोटी कमाने के लिए लोगों को रोज दुकान सजाने और समेटने की अलग ससमस्या है, इसलिए युवा लेने को तैयार नहीं हैं।

# टॉर्च जलाकर खोजने निकले युवाओं का भविष्य



**रायपुर।** नीट सहित अन्य परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। देर शाम टॉर्च लेकर युवा कांग्रेस युवाओं का भविष्य खोजने के लिए निकली। नगर निगम गार्डन से भाजपा कार्यालय तक टार्च मार्च उनके द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से इस्तीफा की मांग की। जो परिणाम आए हैं, उसे तत्काल रद्द करते हुए फिर से परीक्षा लेने की मांग भी युवा कांग्रेस ने रखी। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में टार्च मार्च निकल गया। टॉर्च मार्च में महासचिव भावेश शुक्ला, आस मोहम्मद, जिलाध्यक्ष विनोद कश्यप, आशीष द्विवेदी, फहीम शेख, तुषार गुहा, आजाद वर्मा पलाश मल्होत्रा, लक्षित तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

### देश का सबसे बड़ा स्कैम

यूथ कांग्रेस ने कहा, जिस प्रकार नीट की परीक्षा में गड़बड़ी देखी गई है, हमारा यह मानना है कि यह देश का सबसे बड़ा स्कैन साबित हो रहा है। इसमें केंद्र सरकार की संलिप्त है। जो पेपर लीक करा रहे हैं, उन्हें केंद्र सरकार का पूर्ण रूप से समर्थन है। देश के लाखों युवाओं का भविष्य आज अंधेरे में है। जिस परीक्षा से डॉक्टर और साइंटिस्ट बनते हैं, आज उस पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। केंद्र की मोदी सरकार शिक्षा नीति पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री इतने बड़े मामले पर मौन व्रत लेकर बैठे हैं। शिक्षा मंत्री नैतिकता के आधार पर अपना इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। कार्रवाई होने तक युवा कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

# पैट सीटी की जांच अब तक अधूरी रिपोर्ट ने अटकाया अंतिम फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैंसर के मरीजों की बीमारी का पता लगाने में उपयोग होने वाली पैट सीटी मशीन शुरू करने की जा रही जांच अब तक अधूरी है। रिपोर्ट तैयार नहीं होने की वजह से अब तक इसके उपयोग पर अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। जांच रिपोर्ट नहीं बनने की वजह से मशीन की वास्तविक कंडीशन का पता नहीं लग पाया है।

■ विभागीय अफसरों से मंत्री ने मांगी थी रिपोर्ट

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में 18 करोड़ की लागत से खरीदी गई पैट सीटी मशीन का उपयोग शुरू करने के लिए मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को निर्देशित किया था। इसके लिए तीन माह के भीतर इससे संबंधित तमाम पहलुओं की जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करने निर्देश दिए गए थे।

सूत्रों के अनुसार काफी समय बीत जाने के बाद भी इस मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है। प्रकरण में इसकी खरीदी से लेकर अब तक की स्थिति का ब्योरा दिया जाना है। इस आधार पर यह फैसला लिया जाएगा कि इस मशीन का उपयोग कैसे किया जा सकता है। रिपोर्ट के आधार पर मिलने वाली प्रशासकीय स्वीकृति के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा लंबे समय से बिना उपयोग के रखी इस मशीन की कंडीशन के बारे में पता लगाने मशीन बनाने वाली कंपनी के इंजीनियरों को बुलाया जाएगा। इंजीनियर उसके चलने की स्थिति के साथ लाइफ के बारे में भी बता पाएंगे। सूत्रों का कहना है कि पूरा मामला प्रशासकीय स्वीकृति पर अटका है, जिसके मिलने के बाद ही मशीन की जांच सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा सकती हैं।



### पुरानी हो चुकी कई मशीन

आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए उपयोग की जाने वाली कई मशीन काफी पुरानी हो चुकी हैं। इनके उपयोग के दौरान कई बार बंद होने जैसी शिकायत मिलती रहती है। एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्सरे सहित कई तरह की जरूरी जांच के लिए उपयोग होने वाली इन मशीनों को बदलने अथवा संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है, मगर इस पर शासन स्तर पर प्रस्ताव लंबित है।

# राजस्व प्रकरणों के लाखों मामले लंबित, भूमि स्वामी और किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व के लाखों मामले में लंबित हैं। राजस्व विभाग में जमीन के सीमांकन, नामांतरण, बी-वन नक्शा-खसरा और बंटवारा जैसे काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों को महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। सिटीजन चार्टर में इन कार्यों के लिए समय नियत होने के बाद भी समय पर काम नहीं हो रहे हैं। प्रदेश में अधिकतम 90 दिनों के भीतर होने वाले काम सालों से लंबित पड़े हैं। राजस्व प्रकरणों में पटवारी से लेकर राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार और एसडीएम स्तर के अधिकारियों द्वारा संबंधित लोगों से आवेदन लेने के बाद कार्यालय में इसके निराकरण में देर की जाती है।

■ प्रकरणों के निराकरण का समय तय, फिर भी नहीं हो रहा काम

राजस्व प्रकरणों के लिए सिटीजन चार्टर के अनुसार आवेदन मिलने के बाद समय तय किए गए हैं। इनमें प्रकरण सूची (राजस्व न्यायालय) 7 दिन, भुइयां से नकल, नान डिजिटाइज्ड नकल और न्यायालय आदेश प्रमाण पत्र 15 दिन, राजस्व सेवाएं (5 लाख से 25 लाख तक), राजस्व सेवाए कृषि भूमि/परिवर्तित आरबीसी 6(4), राहत सहायता प्राकृतिक आपदा, कृषि भूमि/परिवर्तित किसान किताब, कृषि भूमि/परिवर्तित नामांतरण और परिवर्तित सीमांकन के लिए 90 दिन का समय तय है। किसान और जमीन के मालिक इन प्रकरणों को लेकर तय समय के बाद भी चक्कर लगा रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी जिला स्तर पर यह मामला अटका रहता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि राजस्व अमले द्वारा प्रकरणों पर निर्णय समय पर देने का प्रयास होता है। विवाद की स्थिति में कुछ मामले तय समय पर निराकृत नहीं हो पाते।

### कुल प्रकरणों में लंबित मामले

राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 20,18,953 कुल दर्ज प्रकरण में से 18,42,205 निराकृत, 1,76,748 मामले लंबित हैं। इनमें से 4,055 मामले 5 वर्ष,12,180 मामले 2 से 5 वर्ष से लंबित, 24,282 मामले 1 से 2 वर्ष से हैं लंबित पड़े हैं।

### जिलों में दर्ज मामले

सरगुजा 9337,दुर्ग 9429, रायपुर 8942 ,बलौदाबाजार-भाटापारा 9050, बिलासपुर 7,999, सूरजपुर 7,845, रायगढ़ 7336, कोरबा 7161, राजनांदगांव 6499, बालोद 6049, जांजगीर-चांपा 5820,बलरामपुर-रामानुजगंज 5767, महासमुंद 5529, कबीरधाम 5253, जशपुर 5036, कांकेर 4058, धमतरी 3972, गरियाबंद 3802, मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर 3730,गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 3559, सुकमा 3521, कोंडागांव 3365, नारायणपुर 479, बस्तर 2923, मुंगेली 3099, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 3080, बेमेतरा 3031, सक्ति 2851, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई 2402, दन्तेवाड़ा 2118, कोरिया 1870, बीजापुर 1280, मोहला-मानपुर-चौकी में 1374 मामले लंबित हैं।

# सात महीने के बाद भी चिकित्सा छात्रों को वापस नहीं हुई पंजीयन राशि

**रायपुर।** पीजी और यूजी में प्रवेश के लिए पिछले साल की काउंसिलिंग में शामिल होने वाले कई पात्र चिकित्सा छात्रों को पंजीयन राशि वापस नहीं मिली है।

लंबी प्रक्रिया के बाद भी जिनके खाते में रकम ट्रांसफर नहीं हुई है, ऐसे छात्रों से चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने फिर से विवरण मांगा है। शासकीय और निजी चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित होने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों में प्रवेश के लिए हर साल बड़ी संख्या में लोग पंजीयन शुल्क जमा करते हैं। काउंसिलिंग पूरी होने के बाद ऐसे छात्र

■ शिक्षा संचालनालय से फिर से मांगा विवरण

जो नियम का पालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी करते हैं, उन्हें प्रारंभ में जमा कराया गया पंजीयन शुल्क वापस कर दिया जाता है। पिछली बार इस प्रक्रिया में लेटलतीफी हुई और काउंसिलिंग के सात माह बाद भी कई छात्रों को उनका पंजीयन शुल्क वापस नहीं मिल पाया है। इस तरह की शिकायत मिलने पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने शुल्क वापसी का इंतजार कर रहे छात्रों को रिफंड के लिए फिर से अपना विवरण जमा करने निर्देशित किया है। इसके लिए ऑनलाइन फार्म सबमिट करने की व्यवस्था की गई है। सूत्रों का कहना है कि पंजीयन राशि वापस प्राप्त नहीं करने वाले छात्र बहुत अधिक हैं।

### निजी में दो लाख तक

काउंसिलिंग में शामिल होने निजी कालेजों के लिए पीजी पाठ्यक्रम में दो लाख और शासकीय कालेजों के लिए साढ़े 12 से 25 हजार रुपए पंजीयन शुल्क निर्धारित था। वहीं एमबीबीएस की काउंसिलिंग में निजी कालेजों के लिए एक लाख और शासकीय कालेजों के लिए पांच से दस हजार रुपए पंजीयन शुल्क (सुरक्षा निधि राशि) के रूप में जमा कराया गया था।

## जिले की तीन महिला शिक्षक ने प्रदेश स्तरीय टीएलएम बुक का कराया प्रकाशन

# प्रभावी और संवादात्मक शिक्षा के लिए अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

तकनीकी और व्यवहारिक शिक्षा को प्राथमिक स्तर से बढ़ावा देने के लिए तीन महिला शिक्षकों ने अभिनव पहल की है। उन्होंने प्रदेश स्तर पर टी एल एम बुक का प्रकाशन कराया है।

सोमवार को प्रकाशित बुक जिला शिक्षा विभाग की ओर से कलेक्टर ऋचा प्रकाश को दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने किताब के संपादक के शारदा, सह संपादक प्रज्ञा सिंह और पुस्तक प्रभारी नंदा देशमुख को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में टी एल एम बुक उपयोगी अध्यन सामग्री है। इस किताब के माध्यम से शिक्षा को सवाद्तमक और प्रभावी बनाया जा सकता है। वही जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि किताब अनमोल है। इसका अध्यन सीखने की प्रवृति को समृद्ध बनाता है। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव भी उपस्थित थे।

### इन कक्षा को होगा फायदा

यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। इस पुस्तक का उपयोग 1 ली से 8वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। पुस्तक में हिन्दी ,गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है।



### राजधानी में हुआ विमोचन

21 वीं सदी के बच्चों की तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान पर प्रकाश डालने वाली किताब का विमोचन रायपुर में किया गया। विमोचन समारोह के अतिथि एम सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बी एल देवांगन रायपुर डाइट प्राचार्य थे। इस किताब में राज्य के चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों को शामिल किया गया है। बच्चों को करके सीखने हेतु उपयोग कर रहे कुछ टीएलएम का वीडियो लिंक के साथ टीएलएम की फ़ोटो, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा,बनाने की विधि , लागत, गतिविधि कैसे करें की जानकारी दी है।

### इनका लेख है शामिल

टीसी जायसवाल, ज्योति बनाफर, पुष्पेंद्र कश्यप, प्रतिभा त्रिपाठी, रिंकल बग्गा, योगेश्वरी साहू, भारती वर्मा, आराधना वर्मा, अदिति शर्मा, पुणेश डड़सेना, समता सोनी, प्रीति शांडिल्य, अमित उइके, बलदाऊ सिंह, कलेश्वर साहू, सुनीता यादव, रेखा राय, सूरज कांति गुप्ता, देवेन्द्र कुमार देवांगन, ममता सिंह, संतोष कुमार तारक, संतोष कुमार पटेल, नीतिका जेकब, अरूणा देशमुख, सईदा खान, बिसेलाल, लोकेश वर्मा शामिल हैं।

# पावरहाउस की तरह भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के आधा दर्जन सेक्टरों और आसपास के क्षेत्रों के मुसाफिरों को अब सफर करने के लिए पावरहाऊस स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। पावरहाउस की तरह भिलाई नगर स्टेशन भी कायाकल्प किया जा रहा है। इस स्टेशन का विस्तार और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके पूर्ण हो जाने से न सिर्फ सुविधाएं बढ़ेंगी बल्कि कई एक्सप्रेस गाड़ियों को स्टापेज भी होने यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

देश के 172 रेलवे स्टेशनों के संधारण की योजना के तहत रेलवे द्वारा शहर में पावरहाउस स्टेशन की तरह भिलाई नगर स्टेशन का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस स्टेशन संधारण और सौंदर्यीकरण निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इससे यात्रियों को कई नई सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भिलाई नगर स्टेशन टाउनशिप के मध्य में यानी सेक्टर 6 तिराहे पर स्थित होने से सेक्टर 7 और इसके आसपास के हजारों यात्रियों को ट्रेन से सफर करने में सुविधा होगी। अधिकतर लोगों को 3 किलोमीटर दूर पावरहाउस स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि भिलाई नगर स्टेशन के विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद यहां भी कई एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहरने की संभावना है। भिलाई नगर स्टेशन के संधारण के तहत कई नई सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। स्टेशन में पुराने टिकट काउंटर कक्ष की जगह भव्य टिकट काउंटर कम वेटिंग हाल का निर्माण किया जा रहा है।

# शिक्षक एलबी को संविलियन के दिन से ही मिलेगा ओपीएस का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शिक्षक (एलबी) के संविलियन के दिन से ही पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ मिलेगा। इस संबंध में सरकार के वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी किया गया है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी संविलियन आदेश की सेवा शर्तों के अनुसार शिक्षक (एलबी) संवर्ग को देय समस्त लाभ के लिए सेवा की गणना संविलियन दिनांक 1 जुलाई 2018 से की जाएगी। वित्त विभाग द्वारा संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि को भेजे गए आदेश में कहा गया है कि वित्त विभाग की अधिसूचना 20 जनवरी 2023 के द्वारा राज्य शासन की पेंशन योग्य स्थापना में नियुक्ति सभी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल की गई है। इसकी एक कंडिका में कहा गया है कि सेवानिवृत्त शासकीय सेवक को लागू पेंशन नियम छग सिविल सेवा पेंशन नियम (कार्यभारित तथा आकस्मिकता से वेतन पाने वाले कर्मचारी) पेंशन नियम, 1979 के प्रावधानों के अंतर्गत पेंशन की पात्रता होने पर पेंशन भुगतान का आदेश जारी किया जाएगा।

## एनपीएस में जमा सारी राशि होगी वापस

### सेवा की गणना संविलियन के दिन से

आदेश में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 जून 2018 को जारी आदेश के तहत शिक्षक (एलबी) संवर्ग को 1 जुलाई 2018 से शासकीय सेवा में पेंशन योग्य स्थापना में नियुक्त किया गया है तथा समस्त लाभों की गणना संविलियन दिनांक से किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसीलिए उनके पेंशन निर्धारण के लिए सेवा की गणना 1 जुलाई 2018 से या उसके बाद संविलियन दिनांक से ही की जाएगी।




### एनपीएस की जमा राशि वापस होगी

वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 20 जनवरी 2023 के अनुसार शिक्षक (एलबी) संवर्ग के शासकीय सेवक की सेवानिवृत्ति, मृत्यु के प्रकरण में उकने एनपीएस योजना के अंतर्गत 1 जुलाई 2018 के बाद जमा शासकीय अंशदान एवं उस पर अर्जित लाभांश की राशि शासकीय खाते में जमा किए जाने के बाद ही उनके पेंशन प्राधिकार पत्र जारी किए जाएंगे। 1 जुलाई 2018 के पहले की एनपीएस योजना की जमा समस्त राशि अभिदाता को वापस किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय का पहला साप्ताहिक जनदर्शन आज

**रायपुर।** प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। भाजपा के शासनकाल में पहले मुख्यमंत्री निवास में डॉ. रमन सिंह का हर गुरुवार को जनदर्शन होता था। अब प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आमजनों से मुलाकात का कार्यक्रम जनदर्शन 27 जून से प्रारंभ हो रहा है। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में जनसरोकारों की बातें होंगी। श्री साय जनदर्शन में समस्याओं को सुनकर उसका यथोचित निराकरण भी करेंगे। साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी आदि भी इस माध्यम से प्राप्त होगी। जनदर्शन में आमजन सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करा सकेंगे।

### नगर पंचायत माना का कांग्रेस ने किया घेराव

**रायपुर।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की माना नगर पंचायत में हो रहे तालाब खनन, वाहन खरीदी में भ्रष्टाचार, जल संकट व अन्य विषयों को लेकर नगर पंचायत परिसर का घेराव किया गया। रंजीत डे ने बताया, तालाब खनन और वाहन खरीदी के नाम पर शासकीय पैसे की बंदर बाट की जा रही है। नगर पंचायत एक एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। अधिकारी लीपापोती करने में लगे हुए हैं।

### आपातकाल के बहाने भाजपा अपने कार्यों को दबा रही

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है और जब तक नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे, तब तक यह चलता रहेगा। उन्होंने कहा, आज संविधान का पालन नहीं किया जा रहा है एवं भाजपा के जनप्रतिनिधि खुले मंच पर संविधान बदलने की बात कहते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, लगातार देश की जनता एवं विपक्ष को ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर डराने का काम कर रही है। किसान आन्दोलन में 700 से भी ज्यादा किसानों की मृत्यु हुई, उस पर बात नहीं की जा रही है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है, जनता मूलभूत की सुविधाओं के लिए तरस रही है, समय पर ट्रेन नही मिल रहा है। आपातकाल का सहारा लेकर भारतीय जनता पार्टी सिर्फ अपने क्रियाकलापों को दबाने का प्रयास कर रही है।

### मानसून सत्र में आएगा सरकार का साल का पहला अनुपूरक

**रायपुर।** 22 जुलाई से शुरु हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सरकार इस साल का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इस संबंध में वित्त विभाग ने विभागों से प्रस्ताव मंगाने की तैयारी शुरु कर दी है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव(स्वतंत्र प्रभार) को 28 तारीख कर प्रस्ताव तैयार कर भेजने कहा है। वित्त विभाग से सचिव ने इस संबंध में जारी पत्र में कहा है कि 2024-25 के प्रथम अनुपूरक अनुमान विधानसभा के सत्र जुलाई में प्रस्तुत किए जाने हैं।

## आपातकाल में हमने कांग्रेस से लड़कर दूसरी आजादी पाई

# साय बोले- संविधान बचाने की दुहाई देने वालों ने ही की थी संविधान की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कांग्रेसी आज घूम-घूम कर संविधान बचाने की दुहाई दे रहे हैं, संविधान खत्म हो जाएगा कहकर दुष्प्रचार फैला रहे हैं। ये वही कांग्रेस है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही नेतृत्व में देश में आपातकाल लगाया था, लोकतंत्र की हत्या की थी। भारतीयों की आवाज को दबाने का काम किया था। तथ्य यह है कि फिरंगियों-अंग्रेजों से गांधी-सुभाष के नेतृत्व में लड़कर हमें जो आजादी मिली थी, वह 1975 में हमने खो दी थी। भारत में आज जो आजादी है, वह जेपी-लोहिया-अटल-आडवाणी जैसे महापुरुषों की देन है। यह कांग्रेस से लड़कर पाई गई आजादी है, कांग्रेस के शिकंजे से संविधान को मुक्त कराकर लाई गई आजादी है।

श्री साय ने कहा, भारत में एक सदीभर लंबे संघर्षों और हजारों हुतात्माओं के बलिदान के बाद हमने आजादी पाई थी। आजादी उपरांत स्व. भीमराव आंबेडकर ने हमें मौलिक अधिकारों के साथ संविधान का उपहार दिया। बड़े ही त्याग और बलिदान से प्राप्त इस लोकतंत्र को कांग्रेस नेत्री तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आधी रात को खत्म कर देश को फिर से तानाशाही और गुलामी के उसी काल में धकेल दिया था, जहां से निकलकर 1947 में भारत वापस आया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे अलोकतांत्रिक काल था, जिसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि कहा है। सीएम साय ने कहा, कांग्रेस ने अपनी आजादी की विरासत को तब ही खत्म कर दिया था, जब लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल लगाया था। भारतीय संविधान और लोकतंत्र आज के भाजपा (तब का भारतीय जनसंघ) के इतिहास पुरुष अटल-आडवाणी-नानाजी जैसे राष्ट्रवादियों का हासिल किया लोकतंत्र है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण का कमाया लोकतंत्र है, जिसका आज हम आनंद ले रहे हैं।





### कांग्रेस ने हमेशा संविधान का मजाक बनाया : साव

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की, अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था। श्री साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रूबरू कराते हुए आपातकाल का काला दिवस मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से परिचित कराने का बीड़ा उठाया है। श्री साव ने कहा, कांग्रेस हमेशा से सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने का काम करती रही है और आज भी कांग्रेस अपने इसी राजनीतिक चरित्र के साथ राजनीति कर रही है। कांग्रेस को न तो देश के संविधान पर भरोसा है और न ही देश की संवैधानिक संस्थाओं पर। कांग्रेस ने हमेशा संविधान का मजाक बनाने का काम किया है।

### मीसा बंदियों का सम्मान



*भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा एकात्म परिसर में आपातकाल एक काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री रामविचार नेताम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने की। कार्यक्रम में मीसा बंदियों का सम्मान शॉल, पुष्पमाला और श्रीफल भेंट कर किया गया। रामविचार नेताम ने कहा, आपातकाल को याद करते ही तात्कालिक कांग्रेस सरकार के विरोधियों की रूह तक कांप जाती है। कब किसको कहां से उठा के जेलों में भर दिया जाएगा देश भर में लाखों लोगों को जेलों में भर दिया गया। देश एक अघोषित खुली जेल बना दी गई थी। आपातकाल लोकतंत्र पर एक स्याह धब्बा है। चुन्नीलाल साहू ने कहा, आपातकाल सदैव लोकतंत्र के इतिहास में काला दाग रहेगा। मीसाबंदी रहे मोहन चोपड़ा ने अपना स्मरण साझा करते हुए कहा, मेरी आयु मात्र 23 वर्ष थी, जब आपातकाल में मुझे 21 माह जेल काटना पड़ा। कार्यक्रम का संचालन सत्यम दुवा द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रमेश सिंह ठाकुर द्वारा किया गया।*

## राज्य निर्वाचन आयुक्त ने संभाला पदभार, निकाय और पंचायत चुनाव तैयारी में आएगी तेजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। पूर्व आईएएस अजय सिंह फरवरी 2020 में शासकीय सेवा से रिटायरमेंट हुए थे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति से पहले वो राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनकी नियुक्ति और पदभार लेने के बाद राज्य में नगरीय निकाय और अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव की तैयारियों में तेजी आएगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयुक्त रहे ठाकुर राम सिंह के कार्यकाल में सरकार ने वृद्धि की थी। नवंबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान ही उनका कार्यकाल खत्म हो गया। तब से यह पद रिक्त था। आयुक्त ने कार्यभार संभालने के साथ ही आने वाले समय में होने वाले नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए तैयारियां करने पर बल दिया। उन्होंने सचिव और अन्य कर्मचारियों से इस संबंध में जानकारी ली।

इस मौके पर सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से आयुक्त सिंह का परिचय कराते हुए इन अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों की भी जानकारी दी। इस मौके पर सचिव डॉ. भुरे, उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, अवर सचिव डॉ. अनुप्रिया मिश्रा, अवर सचिव प्रणय कुमार वर्मा सहित आयोग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### परिसीमन के बाद तैयार होगी मतदाता सूची

नवंबर-दिसंबर में नगरीय निकायों के चुनाव होने हैं। उसके बाद पंचायत चुनाव जनवरी-फरवरी 2025 में कराने की प्रक्रिया भी शुरू होगी। पहले चरण में 18 जुलाई तक सभी निकायों का परिसीमन कराने का परिपत्र विभाग ने जारी किया है। परिसीमन के बाद राज्य निर्वाचन आयोग को निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी करना होगा।

## रायपुर की चारों विधानसभाओं का एक साथ मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कल से 14 जुलाई तक हर विधानसभा में होना है कार्यक्रम

देश में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने और नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को लेकर भाजपा ने पूरे देश में मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम करने का फैसला किया है। प्रदेश संगठन ने भी प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं के लिए कार्यक्रम तय कए हैं। वैसे तो हर विधानसभा में अलग-अलग कार्यक्रम होने हैं, लेकिन राजधानी रायपुर की चारों विधानसभाओं को मिलाकर यहां पर बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश के कुछ मंत्री और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सहित प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारी भी रहेंगे। कार्यक्रम की तिथि को लेकर मंथन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सांसदों को भी रहना है, इसलिए संभावना यही है कि ज्यादातर कार्यक्रम लोकसभा का सत्र 3 जुलाई को समाप्त होने के बाद होंगे। प्रदेश की विधानसभाओं में होने वाले कार्यक्रमों के लिए छत्तीसगढ़ में बनाई गई समिति के संयोजक भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव बनाए गए हैं। उन्होंने बताया 27 जून से 14 जुलाई तक हर विधानसभा में मतदाताओं का अभिनंदन कार्यक्रम रखा जाएगा। प्रत्येक विधानसभा में 2000 से ज्यादा मतदाताओं के सम्मेलन संचालित कर उन्हें तिलक लगाकर, पटका पहनाकर, शाल श्री फल देकर सम्मानित किया जाएगा। श्री श्रीवास्तव में बताया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। इसमें विकसित भारत, भाजपा का संकल्प पत्र, मोदी की गारंटी, इन विषयों पर भी चर्चा होगी। इन कार्यों के लिए बनाई गई समिति में अशोक बजाज, भरत सिसोदिया एवं उपकार चंद्राकर सदस्य बनाए गए हैं।



### रायपुर में होगा बड़ा कार्यक्रम

राजधानी रायपुर में बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी की जा रही है। यहां पर रायपुर की चारों विधानसभाओं को मिलाकर एक बड़ा कार्यक्रम होगा। इसमें भारी संख्या में भीड़ जुटाने के साथ चारों विधानसभाओं के मतदाताओं का एक साथ सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित कई मंत्री और प्रदेश के नेता रहेंगे।

## केंद्र में पिछले 10 साल से अघोषित आपातकाल

# भूपेश ने कहा- भाजपा सरकार की स्थिति आपातकाल से बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार में पिछले 10 साल से अघोषित आपातकाल है। ईडी की कार्रवाई 95 प्रतिशत विपक्षी दलों के यहां हुई है। मीडिया के लोगों के यहां भी कार्रवाई की गई है। किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लाये, बहुत सारे किसान शहीद हो गये। कांग्रेस का बैंक खाता सीज किया गया है। चुनाव आयोग में जो शिकायतें की गईं कोई कार्रवाई नहीं हुई। 1 जुलाई से जो कानून लागू होने वाला है, वह घातक है, इस कानून की चर्चा लोकसभा में नहीं हुई है। एक दिन में 78 सांसद निलंबित हुये, दुनिया में जहां लोकतंत्र है, कभी इतने सांसद निलंबित नहीं हुये।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री प्रेस से बात कर रहे थे कि विपक्ष से सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा कर रहे थे, लेकिन जो मान्य परंपरा है, उसका पालन प्रधानमंत्री नहीं कर रहे हैं। एक तो भाजपा की सरकार नहीं है, ये एनडीए गठबंधन की सरकार है। सबको लेकर साथ में चलना था, लेकिन ये तानाशाही रवैया अपनाये हुये हैं और अपेक्षा विपक्ष से कर रहे हैं कि सकारात्मक भूमिका होनी चाहिये। खुद प्रधानमंत्री की भूमिका क्या है? विपक्ष को उपाध्यक्ष देने की परंपरा रही है, उसे तोड़ने का काम लोकसभा में प्रधानमंत्री ने खुद किया था। पहली बार होगा जब विपक्ष द्वारा अध्यक्ष के लिए कैंडिडेट खड़ा किया जा रहा है और इसके लिये कोई जिम्मेदार है तो सत्ता में बैठे नरेन्द्र दामोदर दास मोदी हैं।

### भाजपा नेता खुलकर नहीं बोल पा रहे

उन्होंने कहा, नीट के एग्जाम में न तो चेयरमैन को हटा रहे, न ही मंत्री को, लोकतंत्र है कहां? विपक्ष को लोकसभा उपाध्यक्ष का पद देना चाहिए था। भाजपा वाले काला दिवस मना रहे हैं। भाजपा के नेता कुछ भी खुलकर बोल नहीं पा रहे हैं। भाजपा के नेताओं की स्थिति खराब है। अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर और बृजमोहन अग्रवाल की स्थिति क्या है? सबको पता है। भाजपा सरकार की स्थिति आपातकाल से बदतर स्थिति है।

### हाईकोर्ट के जज की देखरेख में हो जांच

बलौदाबाजार घटना पर हमारी मांग है कि हाईकोर्ट के जज की देखरेख में इसकी जांच हो। दूसरी बात यह है कि जो एक सदस्यी हाईकोर्ट के मोहित कुमार जज कमेटी बनाई है, उसमें कम से कम दो सदस्य समाज के रिटायर्ड जज को रखा जाना चाहिए, ताकि समाज को विश्वास हो कि कार्रवाई सही है।

### कई लोगों को फायदा पहुंचाने बदली शराब नीति

श्री बघेल ने कहा, हमारी सरकार ने शराब नीति में बदलाव नहीं किया था, जो पूर्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी, उसके अनुसार ही चलता रहा। आखिरी में ये हुआ कि एफए-10 में कुछ लोगों के जो रैकेट बना लिए थे और जो उपभोक्ता उसके पसंद के ब्राण्ड नहीं मिलते थे, यही शिकायतें आ रही थी, क्योंकि यहां के दो, तीन, चार, पांच लोगों की मोनोपली हो गई थी। उसको तोड़ने के लिए और प्रतिस्पर्धा होगी, तो राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी, इस बात को करके वो फैसला लिया गया था। उन्होंने कहा, टेंडर तो इनकी सरकार में हुआ और उसको निरस्त कर दिया गया है।

## पेज 9 का शेष

### साजा उद्यानिकी कॉलेज में ...

के मज़दूर कार्यरत है तो वही निर्माण सम्बन्धित जानकारी का बोर्ड भी अभी तक नहीं लगा है जबकि बिल्डिंग का निर्माण अंतिम दौर में है लिहाजा बिल्डिंग या ठेकेदार से सम्बंधित जानकारी के लिए कोई जवाबदेही या जबाबदारी नहीं दिखाई दे रही है। इस सम्बंध पर मौहाभाठा के ग्रामीणों का कहना है कि इसी ठेकेदार के द्वारा ही मौहाभाठा गाँव में कृषि महाविद्यालय बिल्डिंग का निर्माण किया गया है जिसमें करोड़ों रूपये खर्च होने के बावजूद लागत राशि व अन्य जानकारी एग्रीकल्चर महाविद्यालय के निर्माण से संचालन तक अभी भी नहीं दर्शाया गया है जिससे दोनों कॉलेज में ठेकेदार की संदिग्ध एवं सन्देहास्पद कार्यप्रणाली से आमजनमानस में भ्रामकता बढ़ने लगी है। लोगों का कहना है कि ठेकेदार को निर्माण बोर्ड पर जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए वरना इसके निर्माण कार्य में गोलमाल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। जिस पर जिम्मेदार जिला प्रशासन एवं सम्बन्धित यूनिवर्सिटी को एक्शन लेनी की जरूरत है।

## दस साल पहले शुरू करने के थे निर्देश

# जुलाई से ई-बिल और ई-लेखा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगले महीने जुलाई से राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाइन माध्यम से ई-बिल लिए जाएंगे। इस संबंध में राज्य सरकार के वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है। खास बात ये है कि यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश अब से 10 साल पहले दिए गए थे, लेकिन कई कारणों से इसे लागू नहीं किया जा सका था।




वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों( सेल्फ डीडीओ को छोड़कर) राज्य के सभी कोषालयों में देयकों (बिल) का प्रस्तुतीकरण सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से किया जाए। कोषालयों द्वारा महालेखाकार को भेजे जाने वाले मासिक लेखे को ई-लेखे के रूप में भेजा जाए। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए यह जरूरी है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्कैनिंग करने की समुचित क्षमता वाला स्कैनर व अन्य आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक सामाग्री होनी चाहिए। इसके साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा।

### दस साल पहले लागू करने के थे निर्देश

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ के सभी कोषालयों में ई बिल ऑनलाईन माध्यम से लेने के लिए वर्ष 2014 से प्रारम्भ किये जाने के निर्देश राज्य शासन द्वारा जारी किये गए थे, लेकिन कुछ कारणों से यह प्रक्रिया सभी प्रकार के देयकों पर लागू नहीं हो पाई। वर्ष 2022 में ऑनलाईन वेतन देयकों को डीएससी के साथ प्रस्तुत करने पायलट के रूप में इन्द्रावती कोषालय को चिन्हित किया गया तथा इस प्रक्रिया को क्रमशः आगे बढ़ाते हुए 01 अप्रैल 2024 से सभी प्रकार के देयकों को राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षर युक्त भेजे जाने की व्यवस्था लागू की गयी। कुछ अपवादों को छोड़कर सभी कोषालयों में ऑफलाईन तथा ऑनलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। अब राज्य के सभी कोषालयों में पेपरलेस माध्यम से देयकों का प्रस्तुतीकरण तथा महालेखाकार कार्यालय को पेपरलेस मासिक लेखे भेजे जाने की प्रक्रिया 01 जुलाई से प्रारंभ की जाएगी।

### विधायक ने जेपी चौक प्याऊघर को दिलाया बोरिंग

**भिलाई।** टाउनशिप के जेपी चौक में बुजुर्ग सिख परिवार द्वारा वर्षों से संचालित प्याऊघर में अब गर्मी के दिनों में जलापूर्ति में दिक्कत नहीं होगी। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन प्याऊ को भिलाई नगर निगम से बोरिंग की सौगात दी है। सिख परिवार पिछले 60 साल से जेपी चौक पर प्याऊ घर संचालित कर राहगीरों की पानी पिलाने की सेवा कर रहा है। परिवार ने पेयजल संकट के समय भी प्याऊ घर के एक भी घड़े को सूखने नहीं दिया है।



## खबर संक्षेप



### कोबिया स्कूल में मना प्रवेश उत्सव

**बेमेतरा।** प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व हाई स्कूल कोबिया में नव प्रवेश बच्चों को गणवेश वितरण एवं तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर प्रवेश दिलाया गया। साथ ही बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। वहीं, नेवता भोज का कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम में हाई स्कूल अध्यक्ष राकेश वर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला अध्यक्ष संतोष वर्मा, प्राथमिक शाला अध्यक्ष बलराम वर्मा, पार्षद साधे लाल बघेल, कमलेश वर्मा अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर बेमेतरा, देवनाथ पाल, पूर्व पार्षद मदन वर्मा, अजीज कुरैशी, गोलू कोसले, भटनागर, अशोक सेन सहित समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### साल्हेपुर में बच्चों को मिली किताबें



**बेमेतरा।** नए सत्र के प्रथम दिन शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर विकास खंड बेरला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को पुस्तक गणवेश वितरण किया गया। प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने सभी नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए सभी को नियमित रूप से शाला आने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी बच्चों को शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के द्वारा चॉकलेट, न्योता भोज कराया गया, सभी बच्चों को गुलाल से टीका लगाकर नए सत्र के लिए स्वागत किया गया। प्रवेश उत्सव में उपस्थिति प्रधान पाठक अंबालिका पटेल, डागेंद्र निषाद, प्रदीप कुमार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतोष गुप्ता और गांव से बहुत लोग उपस्थित थे।


### युवाओं का भविष्य खतरे में : आरिफ

**नांदघाट।** नीट के बाद अब नेट परीक्षा में गड़बड़ी सामने आने पर



आरिफ बांठिया पूर्व अध्यक्ष युवा कांग्रेस नवागढ़ विधानसभा ने केंद्र सरकार पर शिक्षा में व्यापारीकरण का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी भाजपा सरकार में पेपर लीक के कई मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जून 2015 में एआईपीएमटी परीक्षा लीक, जुलाई 2016 में नीट दो पेपर लीक, फरवरी 2017 में आर्मी रिक्रूटमेंट पेपर लीक, 2017 में नीट पेपर लीक दिसंबर 2018 में गुजरात पुलिस कांस्टेबल भर्ती पेपर लीक, 2020 में नेशनल लॉ एडमिशन टेस्ट पेपर लीक 8 नवंबर 2021 में यूपी टीईटी का पेपर लीक जैसे दर्जनों उदाहरण हैं। अब 2024 में नीट और जून 2024 में यूजीसी नेट परीक्षा में पेपर लीक होना लाखों छात्रों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगता है। आरिफ बांठिया ने आरोप लगाया कि नीट और नेट जैसी संवेदनशील परीक्षाओं में इतनी बड़ी धांधली के बाद भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पर कोई कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### अयोध्या के लिए रवाना हुए तीर्थयात्री



**साजा।** राम लला के दर्शन के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था बुधवार को अयोध्या के लिए रवाना हुआ।जनपद पंचायत परिसर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश मेश्राम ने तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। इस दौरान यात्रा प्रभारी टीकम वर्मा व कमलेश्वर साहू भी उपस्थित रहे।

## आयोजन : नए शिक्षा सत्र के पहले दिन जिले के स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव

# तिलक लगाकर किया गया बच्चों का स्वागत खिलाई मिठाई, बांटी गई गणवेश व किताबें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में 26जून को कक्षा 6वी के छात्राओं को जनप्रतिनिधि एवं नोडल अधिकारी जे.ऐस. भटनागर कार्यपालन अभियंता सी.एस.पी.डी .सी.एल. की उपस्थिति में सम्मान कर प्रवेश उत्सव मनाया गया ।

सरस्वती पूजन के बाद अतिथियों का स्वागत किया गया।संस्था के प्रमुख प्राचार्य कविता बाजपेई ने बच्चों को भयमुक्त होकर स्कूल आने एवं अच्छे से अनुशासित रहकर पढ़ाई करने के लिए के लिए प्रेरित किया।संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता सुनील झा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इसके पश्चात नोडल अधिकारी जे. एस. भटनागर कार्य,प्राचार्य कविता बाचपेई एवं शाला समिति के उपाध्यक्ष व व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद बंजारे द्वारा नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। कक्षा छठवीं के नवप्रवेशी,सातवीं व आठवीं की छात्राओ को भी निशुल्क पुस्तक व निशुल्क गणवेश वितरण किया गया। संस्था के प्रधान पाठक श्री बंजारे सर ने सभी बच्चों को नए शैक्षिक वर्ष की बहुत-बहुत बधाई दी। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर प्राचार्य मैडम द्वारा न्योता भोजन करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन रेणुका अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य बच्चों के पालक एवं समस्त शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे।






### नवीन प्राथमिक शाला वार्ड 4 में प्रवेश उत्सव

**बेमेतरा।** नए सत्र के प्रथम दिन शासकीय नवीन प्राथमिक शाला वार्ड 04 बेमेतरा में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। शिक्षक संतोष कुमार साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके बाद पार्षद सजनी यादव, इंदु बांधे (शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष), अनिता लहरे, प्रधान पाठिका नीलावती साहू एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उसके बाद नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत, गणवेश, पुस्तक वितरण किया गया। तत्पश्चात पार्षद एवं शाला प्रबंधन समिति के सहयोग से न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में केला, आम फल का वितरण किया गया। आयोजन से वार्ड वासियों एवं बच्चों में बहुत उत्साह था। प्रधान पाठिका नीलावती साहू ने सबका आभार किया। योगिता वर्मा, सविता जायसवाल, सुनील साहू, संतोष कुमार साहू, हेमलता साहू इत्यादि शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

### लालपुर स्कूल में खिलाई मिठाई



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मिठाई, खीर पूड़ी खिलाते हुए प्राथमिक शाला में कक्षा पहली एवं माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं में दाखिला करवाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेसिया कुर्रे, जितेन्द्र बंजारे, उपाध्यक्ष आशा चेलक, आनंद कुर्रे के द्वारा सभी बच्चों को पुस्तक व यूनिफार्म वितरण किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे, प्रधान पाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम साहू, मोतीराम पात्रे, शान्त कुमार पटेल, शिक्षिका माधुरी चतुर्वेदी, पंच कमलेश कुर्रे, शिवकुमार धृतलहरे, अंजोरबाई, सफाई कर्मचारी विश्वजीत चंदेल, हेमचंद बर्मन, पालक भूरुवा बांधे, प्रकाश कुर्रे, डोमन यादव, ईश्वरी, धनंजय कुर्रे उत्तम कुर्रे, सूर्यांश उपस्थित रहे।

### नवीन प्राथमिक शाला में मना प्रवेश उत्सव




**बेमेतरा।** शहर के वार्ड नंबर 21 नवीन प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव पार्षद वाहिद रेहाना रवानी की मौजूदगी में मनाया गया। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर बच्चों को गुलाल लगाकर, पुस्तक और स्कूल ड्रेस का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद वाहिद रेहाना रवानी ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही पालकों को बच्चों की बेहतरीन शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रधान पाठिका सोहगी साहू, पालक शिक्षा समिति के सदस्य शशि सेन सहित पालक उपस्थित थे।

### प्राथमिक शाला करमू में न्योता भोज



**बेमेतरा।** प्रथम दिन शासकीय प्राथमिक शाला करमू में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अलावा नवप्रवेशी बच्चों के पालक गण तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक जनों को आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम मां शारदे की पूजन वंदन के पश्चात नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया, साथ ही पाठ्यपुस्तक व गणवेश वितरण किया गया।तथा नेवता भोज का भी आयोजन प्रधान पाठक पूजेरी राम पटेल व शाला स्टाफ के द्वारा रखा गया है।शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बबलू निषाद ने सभी बच्चों को नियमित शाला में आने तथा पूरे समय तक उपस्थित रह कर कक्षा की गतिविधियों में सहभागिता दे। उन्होंने पढाई के महत्व को बताया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बबलू निषाद, खेलू राम वर्मा, गंगाराम ठाकुर, होरी लाल मरकाम, सादिक बेग, पंचराम पाटिल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रस्तुति पाटिल, सभी ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास, मानसिक विकास, शारीरिक विकास के लिए शिक्षक, पालक, बालक सभी को मिलकर और समन्वय बनाते हुए कार्य करना होगा तभी हमें पूर्ण सफलता मिलेगी।

### सेजेस मारो में मना शाला प्रवेशोत्सव



**मारो।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी माध्यम विद्यालय मारो में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देश लहरे थे। उनके साथ पार्षद मनोज गुम्बर, बेदी जांगड़े, पंचायत इंस्पेक्टर देवनारायण शर्मा उपस्थित थे। प्राचार्या सरिता गुप्ता, व्याख्याता छेदू सिंह ठाकुर व अतिथियों ने माँ सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उसके बाद पुस्तक एवं मिष्ठान्न बांटी गई। वहीं, हिंदी माध्यम कक्षा 9वी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी छात्रों को भी पुस्तक एवं मिष्ठान्न वितरण किया गया । इस दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया । छात्रों ,विद्यालय परिवार व अतिथियों ने एक साथ न्यौता भोज का आनंद लिया। संस्था प्रमुख ने बताया कि इस आयोजन से छात्रों में विद्यालय के प्रति एक नवीन उत्साह देखने को मिला साथ ही उनके चेहरे पर मुस्कान थी,छात्रों ने कार्यक्रम का आनंद लिया एवं इस स्वागत से छात्र आज प्रथम दिवस अति उत्साहित थे साथही विद्यालय परिवार व सभी अतिथियो ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

### केशतरा स्कूल में मना प्रवेश उत्सव



**साजा।** शासकीय प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं जनभागीदारी हाई स्कूल केशतरा में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर , मिठाई खिलाकर एवं पुस्तक और गणवेश वितरण कर स्वागत किया गया । छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजनान्तर्गत समाज सेवी दिनेश साहू द्वारा पूर्ण न्योता भोजन दिया गया । पूर्ण न्योता भोजन में छात्र छात्राओं को खीर, चावल, दाल, चना छोले, पापड़, सलाद दिया गया । इस अवसर पर बुलाक साहू, दिनेश साहू, लक्ष्मण, विजय निर्मलकर सचिव, अश्वनी साहू, गोलू पाटिल, शाला प्रबन्धन समिति की सरिता साहू, उपाध्यक्ष साधना यद्धु, सदस्यगण तथा पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पवन साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गनेश्वर ठाकुर एवं शाला स्टॉफ के प्रदीप कुमार ठाकुर, गीतेश देवांगन, ओंकार प्रसाद डड़सेना, रोशन महिलांगे, नेमेश्वरी साहू, गौतम साहू, सीमा चक्रधारी, पवन कुमार गोंड़, रसोइया चम्पा बाई, दुलेश्वरी बाई, चितरेखा बाई, बसंता बाई उपस्थित रहे ।

### केहका (बिरनपुर) में विधायक ईश्वर ने छात्रों को खिलाई मिठाई



**साजा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला केहका(बिरनपुर) में विधायक ईश्वर साहू ने छात्रों को मिठाई खिलाकर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र प्रभारी मीनाराम सिन्हा, लुकराम साहू पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति प्रेमलाल साहू, बाबूलाल वर्मा, गंगा प्रसाद साहू भागवत साहू एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रवंशी प्रधान पाठक एसके कन्नौजे एवं सभी बच्चों के पालक इस दौरान विधायक ने सभी बच्चों को उद्बोधन में कहा कि गुरुजनों की बात मानो और लगन से पढ़ाई करो खूब पढ़ो खूब बढ़ो हम आपकी उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

## शासकीय प्राथमिक शाला मोहलाई में बच्चों को बांटी गई किताबें



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला ग्राम मोहलाई में छत्तीसगढ़ शासन की महती शिक्षा योजना जिसके अंतर्गत प्रतिवर्ष की तरह स्कूल प्रारंभ के समय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा थे। वहीं, ग्राम सरपंच मैना देवी माण्डले ,भाजपा नेता रोहित टंडन ,गोलू कोसले भी उपस्थित रहे। इस दौरान अतिथि सिन्हा ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव सरकार शिक्षा की प्राथमिकता अनिवार्यता को देखते हुए सभी बच्चों को स्कूल के दरवाजे तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करने एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शाला में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों छोटे-छोटे बच्चों को पुस्तक कॉपी पेन ड्रेस बिस्कुट पानी वितरण किया। उन्होंने प्रतिदिन शाला स्कूल आने व अच्छे से पढ़ाई लिखाई कर अपने माता पिता स्कूल गुरु ,अपने गाँव के साथ साथ प्रदेश देश का नाम रौशन करने की बात कही। रजकुड़ी की सरपँच मैना देवी माण्डले व अतिथियों ने भी आये हुए बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव पर बधाई शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विकास तंबोली,डोमेन्द्र पांडेय संकुल समन्वयक, हरिराम पात्रे प्रधान पाठक ,ओमप्रकाश वर्मा शिक्षक, रहस लाल धृतलहरे, माहेश्वरी धृतलहरे, जानकी जांगड़े ,पंच रुखमडी गायकवाड़ ,संतोष जांगड़े ,दिनदास करन जोशी रोहित मारखण्डे , दिलीप माण्डले उपस्थित रहे।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल नांदघाट में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**नांदघाट।** शाला प्रवेशोत्सव के साथ ही बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हुआ। इस दौरान नांदघाट के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी व हिंदी माध्यम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर नव प्रवेशी बच्चों को अतिथियों ने तिलक लगाकर स्वागत कर पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि हर बच्चे को बेहतर शिक्षा का अवसर मिले। इसलिए राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है।बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों और अभिभावकों को आपसी समन्वय के साथ प्रयास करनी चाहिए।उन्होंने बच्चों को बेहतर अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करते हुए खूब मेहनत कर अपनी और अपने जिले की पहचान बनाने की बात कही। वही नांदघाट तहसीलदार जयंत पाटले ने बच्चों से कहा कि विद्यार्थी जीवन में समय के सदुपयोग कर अपनी पढ़ाई को बेहतर बनाए।पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास करेंगे तो परिणाम आपके पक्ष में होंगे।

### गुनरबोड़ स्कूल में बच्चों को खिलाई मिठाई



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम प्रमुख लोकेश्वरी वर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही सरपंच प्रतिनिधि चित्रेंद्र वर्मा एवं स्व सहायता समूह की अध्यक्ष कमला साहू, मितानीन पार्वती यद्धु, पंचवती, शाला विकास समिति के सदस्य एवं पालक उपस्थित रहे। आज शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन तुलसी साहू के द्वारा किया गया। जिसमें बच्चों को भोजन के साथ चॉकलेट एवं मिठाई वितरित किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर शाला में प्रवेश दिया। सरपंच प्रतिनिधि एवं अतिथियों के द्वारा बच्चों को पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया गया। विधि शर्मा ने पलकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हम जल्द ही अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। बच्चों को शाला आने हेतु प्रेरित करे। स्वयं भी शाला से जुड़े शिक्षिका के द्वारा एफएलएन आधारित शिक्षण के विषय में भी जानकारी दी गई। प्रधान पाठक ललित निर्मलकर ने सभी का शाला के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया। साथ ही इसी तरह निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

## गुरुकुल विद्यालय सुकूल पारा नवागढ़ में मनाया गया प्रवेश उत्सव

# नैतिक जिम्मेदारी व भारत बोध संकल्प के साथ शुरू हुआ नया शिक्षा सत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुकुल विद्यालय सुकूल पारा नवागढ़ में बुधवार को नए सत्र की शुरुआत को प्रवेश उत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों का प्रवेश द्वार पर पूजा आरती कर विद्यालय प्रवेश कराया गया। बच्चों को समाज देश और परिवार के प्रति उनके जिम्मेदारी का आभास कराया गया।

जिसमें बच्चों से टेक एंड गिव के आधार पर अपने जीवन को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी गई ।विद्यालय संचालक राजेश घर दीवान ने बच्चों को भारत बोध की जानकारी दी।जिसके तहत भारत के महान व्यक्तित्व से परिचय कराया गया। उन्हें नालंदा विश्वविद्यालय की उद्देश्य उपयोगिता और वर्तमान जीवन में यहां से प्राप्त होने वाले लाभ के संबंध में परिचय कराया गया। भारतीय संस्कृति, सभ्यता और व्यवहार से बच्चों को अपने जीवन को अनुकरणीय बनाने की प्रेरणा दी गई । यह तय किया गया कि अब भारतबोध एवं अपनी नैतिक जिम्मेदारियां के साथ हम शैक्षणिक कार्य को आगे बढ़ाएंगे, क्योंकि शिक्षा के साथ भारत की सभ्यता, संस्कृति और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी ,जवाबदारी से हमें अवगत रहना अनिवार्य है क्योंकि वर्तमान में हमारे देश की संस्कृति सभ्यता का जिस प्रकार अवमूल्यन हो रहा है वह हमारे देश के लिए गंभीर है।

बहुत से छात्रों ने विभिन्न किस्म के मॉडल बनाकर लेकर आए थे। जिसमें पवन ऊर्जा,धरती की अंदरूनी परतों की जानकारी, कंप्यूटर के विभिन्न अवयव,पादप कोशिका से संबंधित आकर्षक प्रारूप देखने को मिला। शिवम यादव, आकांक्षु नेताम, कीर्ति शर्मा ,आंचल जायसवाल, रुद्र कुमार, अविनाकुर्रे ,रीना कौशल, सूरज मनहरे द्वारा तैयार किया गया माडल प्रशंसनीय रहा।

